# PAPER-III
# LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

OMR Sheet No. : ...........................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________

(In words)

| J | 5 | 5 | 1 | 3 |
|---|---|---|---|---|

Time : **2 $^1/_2$** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS
## PAPER – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** The process of comparing actual performance with standards and taking necessary corrective action is called
(A) Controlling
(B) Communicating
(C) Co-operating
(D) Co-ordinating

**2.** An aggregate of several related action plans that have been designed to accomplish a mission within a specified time period is known as
(A) Project (B) Policy
(C) Process (D) Programme

**3.** Principle of direct contact, reciprocal relationships and principle of continuity as principles of co-ordination are advanced by
(A) Luther Gullick
(B) Henry Fayol
(C) Mary Parker Follette
(D) Havold Koontz

**4.** Which one of the following is not a function of the Personnel Department ?
(A) Employment Activities
(B) Manpower Adjustment
(C) Grievance Handling
(D) Quality Management

**5.** Which one of the following is not time based incentive plan ?
(A) Halsey Plan
(B) Merrick Plan
(C) Rowan Plan
(D) Emerson Plan

**6.** The concept of "End spurt" is associated with which of the following ?
(A) Job satisfaction
(B) Morale
(C) Monotony
(D) Fatigue

**7.** Which of the following is not a part of the Scheme of Workers' Participation in Management in India ?
(A) Shop Level Councils
(B) Joint Level Councils
(C) Unit Level Councils
(D) Industrial Level Councils

**8.** Who has described initiation and implementation as the two stages of organizational innovation ?
(A) John Child
(B) Zaltman et. al
(C) Manz et. al
(D) N.R. Anderson

**9.** Which of the following cannot be said to be a trade union in true sense ?
(A) Craft Union
(B) Industrial Union
(C) Company Union
(D) Federation

**10.** The name of which of the following legislations has been recently changed ?
(A) Workmens' Compensation Act
(B) Employees' State Insurance Act
(C) Maternity Benefit Act
(D) Payment of Gratuity Act

**11.** Which of the following organizations coordinates and controls the working of voluntary welfare agencies in India ?
(A) ESI Corporation
(B) EPF Organisation
(C) Central Social Welfare Board
(D) Chief Labour Commissioner (Central)

## श्रम कल्याण तथा औद्योगिक सम्बन्ध

### प्रश्नपत्र – III

**सूचना :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** मानकों के साथ वास्तविक निष्पन्नता की तुलना करने और आवश्यक सुधारक कार्यवाई करने की प्रक्रिया क्या कहलाती है ?

(A) नियन्त्रित करना (B) सम्प्रेषण करना
(C) सहयोग करना (D) समन्वय करना

**2.** बहुत सी सम्बन्धित एक्शन योजनाओं का समुच्चय, जो निश्चित समयावधि के अन्दर अभियान पूरा करने के लिये डिजाइन किया गया है, क्या कहलाता है ?

(A) परियोजना (B) नीति
(C) प्रक्रिया (D) कार्यक्रम

**3.** प्रत्यक्ष सम्पर्क का सिद्धान्त, पारस्परिक सम्बन्ध और सांतत्य का सिद्धान्त समन्वय के सिद्धान्तों के रूप में किसने प्रतिपादित किया है ?

(A) लूथर गुलिक (B) हेनरी फेयोल
(C) मेरी पार्कर फोलेट (D) हेवोल्ड कूंट्ज

**4.** निम्नलिखित में से कार्मिक विभाग का कार्य कौन सा नहीं है ?

(A) रोजगार गतिविधियाँ
(B) मानव शक्ति समायोजन
(C) शिकायत निवारण
(D) गुणवत्ता प्रबन्धन

**5.** निम्नलिखित में से समय आधारित प्रोत्साहन योजना कौन सी नहीं है ?

(A) हालसे योजना (B) मेरिक योजना
(C) रोवन योजना (D) एमरसन योजना

**6.** 'एंड स्पर्ट' की अवधारणा निम्नलिखित में से किसके साथ सम्बन्धित है ?

(A) काम संतुष्टि (B) मनोबल
(C) नीरसता (D) थकान

**7.** भारत में प्रबन्धन में श्रमिकों की प्रतिभागिता की योजना का भाग निम्नलिखित में से क्या नहीं है ?

(A) शॉप स्तरीय कांउसिल्स (या परिषद्)
(B) संयुक्त स्तरीय परिषद्
(C) इकाई स्तरीय परिषद्
(D) औद्योगिक स्तरीय परिषद्

**8.** उपक्रमण (सूत्रपात) और क्रियान्वयन को, संगठनात्मक नवीकरण की दो अवस्थाओं के रूप में परिभाषित किसने किया है ?

(A) जॉन चाइल्ड
(B) ज़ाल्टमैन एवं अन्य
(C) मान्ज़ एवं अन्य
(D) एन.आर. एंडरसन

**9.** निम्नलिखित में से यथातथ्य अर्थ में मजदूर संघ किसे नहीं कहा जा सकता है ?

(A) शिल्पी संघ (B) औद्योगिक संघ
(C) कम्पनी संघ (D) फेडरेशन

**10.** निम्नलिखित में से किस कानून का नाम हाल ही में बदला गया है ?

(A) श्रमिक क्षतिपूर्ति अधिनियम
(B) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम
(C) प्रसूति प्रासुविधा अधिनियम
(D) उपदान (ग्रेच्युटी) भुगतान अधिनियम

**11.** निम्नलिखित में से कौन सा संगठन स्वैच्छिक कल्याण एजेन्सियों की कार्यकारिता का समन्वय तथा उन्हें नियन्त्रित करता है ?

(A) इ.एस.आई. निगम
(B) इ.पी.एफ. संगठन
(C) केन्द्रीय सामाजिक कल्याण बोर्ड
(D) प्रधान श्रम आयुक्त (केन्द्रीय)

**12.** What is the name of the experiment which marked the beginning of Labour Welfare ?
(A) Hawthorne Experiment
(B) New Lamark Experiment
(C) Philadelphia Experiment
(D) Mule Spinning Department Experiment

**13.** In which of the following we notice under-employment in a large measure ?
(A) Coal Industry
(B) Textile Industry
(C) Banking
(D) Agriculture

**14.** Which of the following components is not true as a part of unemployment definition ?
(A) Physically fit to work
(B) Mentally fit to work
(C) Ability to discharge the work most efficiently
(D) But, unable to find work

**15.** The special provisions relating to Lay-off, retrenchment and closure as given under the Industrial Disputes Act, 1947 apply to those establishments where at least
(A) 100 workers are employed.
(B) 50 workers are employed.
(C) 200 workers are employed.
(D) 500 workers are employed.

**16.** Which of the following is not an industrial action in India ?
(A) Strike
(B) Lockout
(C) Picketing
(D) Mass casual leave

**17.** The Industrial Disputes Act, 1947 requires advance notice to be given for going on strike and lockout in public utility services only. Which of the following specifies serving of notices for strike and lockout in non-public utility services also ?
(A) Inter-Union Code of Conduct
(B) Code of Discipline in Industry
(C) Code of Efficiency and Welfare
(D) None of the above

**18.** Which of the following bargaining is based on workers' contribution to productivity ?
(A) Coalition Bargaining
(B) Concession Bargaining
(C) Productivity Bargaining
(D) None of the above

**19.** Which of the following labour legislations in USA made unions more powerful than management ?
(A) Wagner Act
(B) Taft-Hartley Act
(C) Narris-LeGuaradia Act
(D) Landrum-Griffin Act

**20.** Which of the following practices lead to democracy in trade unions ?
(A) Regular meeting
(B) Fair and timely elections
(C) Audit of accounts of union
(D) All the above

**21.** Which of the following is not a mode of Workers' Participation in Management ?
(A) Works Committee
(B) Employee Stock Option Plan
(C) Joint Management Council
(D) Joint Committee for Policy Formulation

**22.** Which of the following is not a bipartite body ?
(A) Works Committee
(B) Canteen Committee
(C) Safety Committee
(D) Standing Labour Committee

**23.** Which one of the following is not a tripartite body ?
(A) Indian Labour Conference
(B) Standing Labour Committee
(C) Joint Management Council
(D) Minimum Wages Advisory Board

**24.** Under whose regime as Union Labour Minister, majority of codes were evolved by the Central Government ?
(A) V.V. Giri
(B) Guljarilal Nanda
(C) Khandubhai Desai
(D) Bindheswari Dubey

**12.** श्रम कल्याण की शुरूआत को चिह्नित करने वाले प्रयोग का नाम क्या है ?

(A) हार्थोन प्रयोग

(B) नव लेमार्क प्रयोग

(C) फिलेडेल्फिया प्रयोग

(D) म्यूल स्पिन्निंग विभाग प्रयोग

**13.** निम्नलिखित में से किसमें हम बड़ी मात्रा में अल्प-रोजगार पाते हैं ?

(A) कोयला उद्योग (B) वस्त्र उद्योग

(C) बैंकिंग (D) कृषि

**14.** निम्नलिखित में से कौन से संघटक बेरोजगारी की परिभाषा के भाग के रूप में सत्य नहीं है ?

(A) काम करने के लिये शारीरिक रूप से स्वस्थ

(B) काम करने के लिये मानसिक रूप से स्वस्थ

(C) सर्वाधिक दक्षता से कार्य करने की क्षमता

(D) परन्तु, काम पाने में अक्षम

**15.** कामबंदी, छँटनी और बन्दी से सम्बन्धित विशेष प्रावधान, जैसा कि औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत दिया गया है, उन प्रतिष्ठानों पर लागू होते हैं जहाँ कम से कम

(A) 100 श्रमिक नियोजित हैं ।

(B) 50 श्रमिक नियोजित हैं ।

(C) 200 श्रमिक नियोजित हैं ।

(D) 500 श्रमिक नियोजित हैं ।

**16.** भारत में औद्योगिक कृत्य (एक्शन) निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?

(A) हड़ताल

(B) तालाबन्दी

(C) धरना

(D) सामूहिक आकस्मिक छुट्टी

**17.** औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत, केवल लोक उपयोगिता सेवाओं में हड़ताल करने और तालाबन्दी के लिये अग्रिम नोटिस देना पड़ता है । गैर-लोक उपयोगिता सेवाओं में भी हड़ताल तथा तालाबन्दी के लिये नोटिस देने की बात निम्नलिखित में से क्या निर्दिष्ट करता है ?

(A) अंत:संघीय आचार संहिता

(B) उद्योग में अनुशासन की संहिता

(C) कुशलता तथा कल्याण की संहिता

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**18.** निम्नलिखित में से कौन सी सौदेबाजी उत्पादकता में श्रमिकों के योगदान पर आधारित है ?

(A) सम्मिलित सौदेबाजी

(B) रिआयत (छूट) सौदेबाजी

(C) उत्पादकता सौदेबाजी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** यू.एस.ए. में निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने संघों को प्रबन्धन से ज्यादा शक्तिशाली बनाया ?

(A) वैगनर अधिनियम

(B) टैफ्ट-हार्टले अधिनियम

(C) नैरिस-ले गरोडिया अधिनियम

(D) लैंडरम-ग्रिफिन अधिनियम

**20.** निम्नलिखित में से कौन सी प्रथाएं मजदूर संघों में लोकतन्त्र की ओर प्रवृत करती हैं ?

(A) नियमित सभा

(B) न्यायोचित तथा समयोचित चुनाव

(C) संघ के लेखा परीक्षण

(D) उपर्युक्त सभी

**21.** प्रबन्धन में श्रमिकों की प्रतिभागिता का तरीका निम्नलिखित में से क्या नहीं है ?

(A) निर्माण समिति

(B) कर्मचारी स्टॉक ओप्शन योजना

(C) संयुक्त प्रबन्धन परिषद्

(D) नीति सूत्रीबद्ध करने के लिये संयुक्त समिति

**22.** निम्नलिखित में से कौन सा द्विभागीय निकाय नहीं है ?

(A) निर्माण समिति

(B) कैन्टीन समिति

(C) सुरक्षा समिति

(D) स्थायी श्रम समिति

**23.** निम्नलिखित में से त्रिपक्षीय निकाय कौन सा नहीं है ?

(A) भारतीय श्रम सम्मेलन

(B) स्थायी श्रम समिति

(C) संयुक्त प्रबन्धन परिषद्

(D) न्यूनतम मजदूरी परामर्शदात्री बोर्ड

**24.** किस श्रम मन्त्री के शासन काल में, अधिकांश संहिताएँ केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाई गई थी ?

(A) वी. वी. गिरि (B) गुलज़ारीलाल नंदा

(C) खांडुभाई देसाई (D) बिंधेश्वरी दुबे

**25.** Which of the following statements about Joint Management Councils is wrong ?

(A) The scheme of Joint Management Councils (JMCs) was formulated by the Central Government.

(B) It was implemented in all industrial establishments in the country.

(C) It was not implemented through any statute.

(D) It consisted of representatives of labour and management.

**26.** Which of the following can be said to be an Industrial Relations body/ machinery in USA ?

(A) Ministry of Labour

(B) National Labour Relations Board (NLRB)

(C) National Productivity Council

(D) AF of L & CIO.

**27.** The Advisory Conciliation and Arbitration Services (ACAS) which was provided under the Industrial Relations Act of 1975 of Great Britain provides for

(A) Conciliation and Arbitration of disputes

(B) Disposal of dispute by collective bargaining

(C) Matter to be taken to adjudication

(D) None of the above

**28.** 'Closed shop' means which of the following ?

(A) Joining union first and then employment.

(B) Employment first and joining union later.

(C) Not joining any union after employment.

(D) A shop which is closed.

**29.** Under which labour legislation in India the provision of check-off has been accepted ?

(A) Industrial Disputes Act, 1947

(B) Trade Unions Act, 1926

(C) Payment of Wages Act, 1936

(D) Industrial Employment (Standing Orders) Act

**30.** Match the following :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Royal Commission on Labour | i. | P.B. Gajendra Gadkar |
| b. | Labour Investigation Committee | ii. | Rege |
| c. | First National Labour Commission | iii. | Ravindra Verma |
| d. | Second National Labour Commission | iv. | J.H. Whitley |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | iv | ii | i | iii |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**31.** Which of the following is an outcome of collective bargaining ?

(A) Award of Labour Court

(B) Award of Tribunal

(C) Arbitration Award

(D) Consent Award

**32.** **Assertion (A) :** The policy of tripartitism on which the Indian Industrial Relations System rested, has failed to yield the desired results.

**Reason (R) :** The parties to the tripartite bodies have resorted to conflict measures and adjudication.

**Codes :**

(A) (A) is right and (R) is wrong.

(B) (A) is wrong and (R) is right.

(C) (A) is right and (R) is the right explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are wrong.

**33.** Majority of industrial disputes are settled by which of the following machinery in India ?

(A) Conciliation Machinery

(B) Arbitration Machinery

(C) Adjudication Machinery

(D) None of the above

25. संयुक्त प्रबन्धन परिषदों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?
   (A) संयुक्त प्रबन्धन परिषदों की योजना केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाई गई थी ।
   (B) यह देश के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों में क्रियान्वित की गई थी ।
   (C) यह किसी संविधि के जरिये क्रियान्वित नहीं हुई थी ।
   (D) इसमें श्रम तथा प्रबन्धन के प्रतिनिधि शामिल थे ।

26. यू.एस.ए. में औद्योगिक सम्बन्ध निकाय/मशीनरी निम्नलिखित में से कौन सी है ?
   (A) श्रम मन्त्रालय
   (B) राष्ट्रीय श्रम सम्बन्ध बोर्ड (एन.एल.आर.बी.)
   (C) राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद्
   (D) AF of L तथा CIO

27. सलाहकार सुलह एवं विवाचन सेवा (ए.सी.ए.एस.) जो कि ग्रेट ब्रिटेन के 1975 के औद्योगिक सम्बन्ध अधिनियम के अंतर्गत प्रदान की जाती है, किसका प्रावधान करती है ?
   (A) विवादों की सुलह तथा विवाचन
   (B) सामूहिक सौदेबाजी द्वारा विवाद का निबटान
   (C) मामला न्यायनिर्णयन के पास ले जाना
   (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. 'क्लोज़्ड शॉप' का निम्नलिखित में से क्या अर्थ है ?
   (A) पहले संघ का सदस्य बनना और फिर रोजगार में प्रवेश करना ।
   (B) पहले रोजगार और फिर बाद में संघ का सदस्य बनना ।
   (C) रोजगार लेने के बाद किसी संघ का सदस्य न बनना ।
   (D) वह शॉप जो बंद है ।

29. भारत में किस श्रम अधिनियम के अन्तर्गत चंदा-कटौती के प्रावधान को स्वीकृति दी गई है ?
   (A) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947
   (B) मजदूर संघ अधिनियम, 1926
   (C) मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936
   (D) औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम

30. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. शाही श्रम आयोग | i. पी.बी.गजेन्द्र गडकर |
| b. श्रम जाँच-पड़ताल समिति | ii. रेगे |
| c. प्रथम राष्ट्रीय श्रम आयोग | iii. रवीन्द्र वर्मा |
| d. द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग | iv. जे.एच. विटले |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | iv | ii | i | iii |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

31. सामूहिक सौदेबाजी का परिणाम निम्नलिखित से क्या है ?
   (A) श्रम न्यायालय का अधिनिर्णय (या पंचाट)
   (B) न्यायाधिकरण का अधिनिर्णय
   (C) विवाचन अधिनिर्णय
   (D) सम्मत अधिनिर्णय

32. **अभिकथन (A) :** त्रिपक्षीयवाद की नीति, जिस पर भारतीय औद्योगिक सम्बन्ध प्रणाली निर्भर करती है, वांछित परिणाम उत्पन्न करने में असफल रही ।
   **कारण (R) :** त्रिपक्षीय निकाय के दलों ने संघर्ष के उपायों तथा अधिनिर्णय का सहारा लिया ।
   **कूट :**
   (A) (A) सही है और (R) गलत है ।
   (B) (A) गलत है और (R) सही है ।
   (C) (A) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है।
   (D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

33. अधिकांश औद्योगिक विवादों का निबटारा भारत में किस तन्त्र के द्वारा होता है ?
   (A) सुलहकारी तन्त्र
   (B) विवाचन तन्त्र
   (C) अधिनिर्णय तन्त्र
   (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** Which of the following is the meaning of 'Cooling off' period in industrial relations ?
(A) Workers to have bath after long hours of work with cold water.
(B) Not to be annoyed at the place of work.
(C) To have a proper spirit of implementing agreements.
(D) The period from serving the notice of strike and the date of resorting to a strike in order to think coolly whether the workers should go on a strike or not.

**35.** Which one of the following is not a subject matter of industrial relations ?
(A) Trade Union and Collective Bargaining
(B) Strikes and Lockouts
(C) Unfair Labour Practices
(D) Employee Compensation and Welfare

**36.** Safety net provision is a part of which of the following ?
(A) Accidents prevention and safety policy
(B) New economic policy
(C) Corporate social responsibility policy
(D) Employee adjustment policy

**37.** **Assertion (A) :** In the post economic reforms era Indian business houses initially had to take strong decisions in terms of cost cutting measures and human resource rationalization.
**Reason (R) :** Economic reforms opened up markets and allowed foreign direct investment causing the domestic industry to compete on uneven level playing ground.
**Codes :**
(A) (A) is right, but (R) attributed is wrong.
(B) (A) is wrong, but (R) is right.
(C) Both (A) and (R) are wrong.
(D) (A) is right and (R) is attributed is logical.

**38.** During whose tenure as Prime Minister, the Economic Reforms in India were initiated ?
(A) Smt. Indira Gandhi
(B) Rajiv Gandhi
(C) Dr. Manmohan Singh
(D) Dr. P.V. Narasimha Rao

**39.** Which of the following is not a contributory factor for HR outsourcing ?
(A) Strategic Reasons
(B) Financial Reasons
(C) Trade Union Hassels
(D) Competitive Factor

**40.** Which of the following statements about downsizing is not correct ?
(A) Mergers and Acquisitions are responsible for downsizing.
(B) Technical upgradation cannot be attributed as a reason for downsizing.
(C) Downsizing helps in getting rid of deadwood.
(D) Cost-cutting measure is a reason for downsizing.

**41.** Match the following :

| **Management Strategies** | | **Propounders** |
|---|---|---|
| a. '5' forces analysis | i. | Robert S. Kaplan & David P. Norton |
| b. Business Process Engineering | ii. | C.K. Prahlad & Gary Hamel |
| c. Balanced Scorecard | iii. | Michael Porter |
| d. Core Competency Model | iv. | Michael Hammer and James Champy |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | iii | i |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

**42.** Which of the following is a force that acts as stimulant for organizational change ?
(A) Nature of the workforce
(B) Technology
(C) Economic Shock
(D) All the above

**34.** औद्योगिक सम्बन्धों में 'कूलिंग ऑफ' अवधि का अर्थ निम्नलिखित में से क्या है ?

(A) श्रमिकों के द्वारा काम के लम्बे घण्टों के बाद ठंडे जल के साथ नहाना ।

(B) कार्यस्थल पर नाराज नहीं होना ।

(C) समझौते क्रियान्वित करने की उचित भावना ।

(D) हड़ताल का नोटिस देने से लेकर हड़ताल पर जाने की तिथि की अवधि जिससे कि शान्ति से विचार कर सकें कि श्रमिक हड़ताल करें या न करे ।

**35.** औद्योगिक सम्बन्ध का विषय निम्नलिखित में से क्या नहीं है ?

(A) मजदूर संघ और सामूहिक सौदेबाजी

(B) हड़ताल और तालाबंदी

(C) अनुचित श्रम प्रथाएँ

(D) कर्मचारी क्षतिपूर्ति और कल्याण

**36.** सुरक्षा जाल प्रावधान निम्नलिखित में से किसका हिस्सा है ?

(A) दुर्घटना निवारण और सुरक्षा नीति

(B) नव आर्थिक नीति

(C) कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरादायित्व नीति

(D) कर्मचारी समायोजन नीति

**37.** **अभिकथन (A) :** आर्थिक सुधारों के उत्तरोत्तर काल में भारतीय व्यवसाय/व्यापार प्रतिष्ठानों को प्रारम्भ में लागत कम करने के उपायों तथा मानव संसाधन सुव्यवस्थीकरण के सम्बन्ध में मजबूत निर्णय लेने पड़े ।

**कारण (R) :** आर्थिक सुधारों ने बाजार खोल दिये थे और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की अनुमति दे दी जिससे देशी उद्योग को असमान स्तर के मैदान में प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी ।

**कूट :**

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(C) (R) और (A) दोनों गलत हैं ।

(D) (A) सही है और (R) तर्कपूर्ण है ।

**38.** भारत में आर्थिक सुधार किस प्रधान मंत्री के कार्यकाल के दौरान प्रारम्भ किये गये थे ?

(A) श्रीमती इंदिरा गांधी

(B) राजीव गांधी

(C) डॉ. मनमोहन सिंह

(D) डॉ. पी.वी. नरसिंह राव

**39.** एच. आर. आउटसोर्सिंग के लिए अंशदायी कारक निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?

(A) स्ट्रेटेजिक कारण

(B) वित्तीय कारण

(C) मजदूर संघ की समस्याएँ

(D) प्रतिस्पर्धात्मक कारक

**40.** डाउनसाइजिंग के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है ?

(A) विलयन तथा अर्जन, डाउनसाइजिंग के लिये जिम्मेदार हैं ।

(B) तकनीकी उन्नयन को डाउनसाइजिंग के कारण का श्रेय नहीं दिया जा सकता है ।

(C) डाउनसाइजिंग अनावश्यक कर्मचारी (डेडवुड) से छुटकारा पाने में सहायता करता है ।

(D) लागत कम करने के उपाय डाउनसाइजिंग का कारण हैं ।

**41.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| | **प्रबन्धन कार्यनीतियाँ** | | **प्रतिपादक** |
|---|---|---|---|
| a. | '5' बल विश्लेषण | i. | रॉबर्ट एस. केपलान एवं डेविड पी. नॉर्टन |
| b. | बिजनेस प्रोसिस इंजीनियरिंग | ii. | सी.के. प्रहलाद एवं गैरी हैमल |
| c. | संतुलित स्कोर कार्ड | iii. | माइकल पॉर्टर |
| d. | कोर कॉम्पीटेंसी मॉडल | iv. | माइकल हैमर एवं जेम्स चैम्पी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | iii | i |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | iii | iv | i | ii |

**42.** संगठनात्मक परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में निम्नलिखित में से कौन सा बल कार्य करता है ?

(A) श्रमबल की प्रकृति

(B) प्रौद्योगिकी

(C) आर्थिक प्राघात

(D) उपर्युक्त सभी

**43.** The Japanese 5 'S' model deals with
(A) Housekeeping
(B) Assembly line production
(C) Quality assurance
(D) Cost effective measures

**44.** Match the following :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | POSDCORB | i. | Mary Parker Follette |
| b. | 14 Principles of Management | ii. | Luther Gullick |
| c. | Integration Theory of Management | iii. | Peter F. Drucker |
| d. | Management by Objectives | iv. | Henry Fayol |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | iii | i | iv | iii |

**45.** Which of the following training programmes is meant for a new employee ?
(A) Sensitivity training
(B) Apprenticeship training
(C) Induction training
(D) In-basket exercise

**46.** Which of the following statements is not true about benchmarking strategy of TQM ?
(A) It is related to the efforts of Kaizen.
(B) It is related to the raising of criteria for selection.
(C) It is raising the performance standards of the organization.
(D) It is a people driven activity.

**47.** Which of the following is not a type of HRM strategy ?
(A) Task focused strategy
(B) Development oriented strategy
(C) Turnaround HRM strategy
(D) Placating HRM strategy

**48.** Which of the following is not a 'lab' in the sensitivity training, also known as Laboratory training ?
(A) Stranger lab
(B) Cousin lab
(C) Organisational lab
(D) Family lab

**49.** Which of the following statements about the recent trends in HRM is not correct ?
(A) Employer branding is attempted to be achieved through HRM practices.
(B) Competency mapping is a recent trend in HRM.
(C) Measurement of HR through balanced scorecard has taken shape.
(D) Performance and Knowledge Management are not related to strategic HRM.

**50.** Which of the following is not a method of dealing with resistance to change ?
(A) Education and Communication
(B) Participation
(C) Facilitation and Support
(D) Coercion and Punishment

**51.** Which one of the following statements is wrong about OD ?
(A) It is a diagnostic process.
(B) It is an intervention mechanism.
(C) It is a punitive mechanism.
(D) It is a value driven mechanism.

**52.** The 'Managerial Grid' model was developed by
(A) Robert Blake and Jane S. Mouton
(B) Lawler and Porter
(C) Fiedler and Garcia
(D) Hersey and Blanchard

**53.** **Assertion (A) :** Structural inertia is an organisational resistance process to change because organisations have built in mechanism to produce stability.

**Reason (R) :** People with a high need for security are likely to resist change because it threatens their feeling of safety.

**Codes :**
(A) (A) is right and (R) is a correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are right, but the (R) does not explain the (A).
(C) Both (A) and (R) are wrong.
(D) (A) is wrong and (R) is right.

**43.** जापानी 5‘S’ मॉडल किससे सम्बन्धित है ?
(A) हाउसकीपिंग
(B) एसम्बली लाइन उत्पादन
(C) गुणवत्ता आश्वासन
(D) लागत प्रभावी उपाय

**44.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. POSDCORB | i. मेरी पार्कर फोलेट |
| b. 14 प्रिंसीपल्स ऑफ मैनेजमेंट | ii. लूथर गुलिक |
| c. इंटीग्रेशन थ्योरी ऑफ मैनेजमेंट | iii. पीटर एफ. ड्रक्कर |
| d. मैनेजमेंट्स बाय ऑबजेक्टिव्स | iv. हेनरी फेयोल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | iii | i | iv | iii |

**45.** निम्नलिखित में से कौन सा प्रशिक्षण कार्यक्रम नए कर्मचारी के लिये होता है ?
(A) सूक्ष्मग्राहिता/संवेदनशीलता प्रशिक्षण
(B) प्रशिक्षुता प्रशिक्षण
(C) प्रतिष्ठापन (या इनडक्शन) प्रशिक्षण
(D) इन-बास्केट अभ्यास

**46.** टी.क्यू.एम. की बेंचमार्किंग कार्य-योजना के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?
(A) यह केज़न के प्रयासों से सम्बन्धित है ।
(B) यह चयन के लिये मानदंड विकसित करने से सम्बन्धित है ।
(C) यह संगठन की निष्पन्नता के मानकों को बढ़ा रहा है ।
(D) यह जन-चालित गतिविधि है ।

**47.** निम्नलिखित में से कौन सी एच.आर.एम. कार्य-योजना के प्रकार की नहीं है ?
(A) कार्य संकेन्द्रित कार्य-योजना
(B) विकास उन्मुखी कार्य-योजना
(C) प्रत्यावर्तन एच.आर.एम. कार्य-योजना
(D) प्लेकेटिंग एच.आर.एम. कार्य-योजना

**48.** सूक्ष्मग्राहिता प्रशिक्षण में ‘लैब’, जिसे प्रयोगशाला प्रशिक्षण के रूप में भी जाना जाता है, निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?
(A) आगन्तुक लैब (B) कज़िन लैब
(C) संगठनात्मक लैब (D) परिवार लैब

**49.** एच. आर. एम. में हाल ही की प्रवृत्तियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(A) एच.आर.एम. प्रथाओं के जरिये नियोक्ता ब्रांडिंग प्राप्त करने की चेष्टा की जाती है ।
(B) एच.आर.एम. में निपुणता मानचित्रण हाल ही की प्रवृत्ति है ।
(C) संतुलित स्कोरकार्ड के जरिये एच.आर. का मापन प्रारम्भ हो गया है ।
(D) निष्पन्नता और ज्ञान प्रबन्धन स्ट्रैटाजिक प्रबन्धन से सम्बन्धित नहीं है ।

**50.** निम्नलिखित में कौन सी विधि/तरीका परिवर्तन के विरोध से निबटने की विधि नहीं हैं ?
(A) शिक्षा तथा संचार
(B) सहभागिता
(C) सुकरीकरण (या सुसाध्यीकरण) तथा समर्थन
(D) बल प्रयोग/ज़ोर-जबरदस्ती तथा दण्ड

**51.** ओ.डी. के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?
(A) यह नैदानिक प्रक्रिया है ।
(B) यह हस्तक्षेपी क्रियाविधि है ।
(C) यह दण्डात्मक कार्यविधि है ।
(D) यह मूल्य-चालित कार्यविधि है ।

**52.** ‘मैनेजरियल ग्रिड’ मॉडल किसके द्वारा विकसित किया गया है ?
(A) रॉबर्ट ब्लेक तथा जेन एस. माउटन
(B) लॉलेर तथा पॉर्टर
(C) फील्डर तथा गार्सिया
(D) हर्से तथा ब्लांचार्ड

**53.** **अभिकथन (A)** : संरचनात्मक जड़ता परिवर्तन के प्रति संगठनात्मक विरोध प्रक्रिया है क्योंकि संगठनों में स्थिरता उत्पन्न करने की अंतर्जात क्रियाविधि होती है ।
**कारण (R)** : सुरक्षा की उच्च आवश्यकता रखने वाले लोगों के द्वारा परिवर्तन का विरोध संभावित होता है क्योंकि यह उनकी सुरक्षा की भावना को जोखिम में डालता है ।
**कूट :**
(A) (A) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं है ।
(C) (R) और (A) दोनों गलत हैं ।
(D) (A) गलत है और (R) सही है ।

**54.** Match the following :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Ethno-centric | i. | These organisations adopt synergistic strategies to function across geographies. |
| b. | Poly-centric | ii. | These organizations create an integrated system with a world wide approach. |
| c. | Regio-centric | iii. | These are home country oriented organisations. |
| d. | Geo-centric | iv. | Outward oriented culture where individuals follow the saying that "When in Rome, do as Romans". |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iv | i | iii | ii |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | i | iii | iv | ii |

**55.** The case study method of OD was developed by
(A) Christopher C. Longdell
(B) Eric Berne
(C) Udai Pareek
(D) S.R. Udpa

**56.** Which one of the following is not a principle of labour legislation ?
(A) Principle of Protection
(B) Principle of Social Justice
(C) Principle of Social Security and Welfare
(D) Principle of Reasonable Standard of Living

**57.** Which one of the following is not based on the principle of welfare ?
(A) Mica Mines Labour Welfare Funds Act
(B) Iron Ore Mines Labour Welfare Funds Act
(C) Minimum Wages Act
(D) Dock Workers (Safety, Health, Welfare) Act

**58.** Which part of the Indian Constitution divides jurisdiction for enactment of Labour Legislations ?
(A) Distribution of Legislative Power
(B) Directive Principles of State Policy
(C) Fundamental Rights
(D) None of the above

**59.** Which Labour Legislation has been enacted on the basis of Right to Association as given under the Fundamental Rights of the Indian Constitution ?
(A) Minimum Wages Act
(B) Payment of Wages Act
(C) Trade Unions Act
(D) Industrial Disputes Act

**60.** Which of the following cannot be said to be a factor influencing the growth of Labour Legislations in India ?
(A) Rise of Trade Unions
(B) International Labour Organization
(C) Growth of Humanitarianism
(D) Caste System in India

**61.** Which one of the following recommended enactment of a wage legislation in India in order to rectify the problems relating to payment of wages of industrial workers ?
(A) National Commission on Labour
(B) Royal Commission on Labour
(C) Labour Investigation Committee
(D) Adarkar Committee

**62.** Which one of the following is not a type of labour administration machinery in India ?
(A) Central Implementation Machinery
(B) Industrial Implementation Machinery
(C) State Implementation Machinery
(D) Regional Implementation Machinery

**63.** Which one of the following Labour Legislations provides comprehensive benefits to industrial workers in India ?
(A) Employee Provident Funds Act
(B) Employees' Compensation Act
(C) Employees' State Insurance Act
(D) Maternity Benefit Act

**54.** निम्नलिखित को सुमेलित करें :

| सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|
| a. नृजातीय क्रेन्द्रिक | i. | यह संगठन सीमाओं से पार कार्य करने के लिये सहक्रियावादी कार्ययोजनाएँ अपनाते हैं । |
| b. बहु केन्द्रिक | ii. | यह संगठन विश्वव्यापी उपागम के साथ एकीकृत प्रणाली सृजित करते हैं । |
| c. क्षेत्र केन्द्रिक | iii. | यह स्वदेश उन्मुखी संगठन हैं । |
| d.भूकेन्द्रिक | iv. | बाहर की ओर उन्मुख संस्कृति जहाँ व्यक्ति इस उक्ति का पालन करते हैं कि "जब रोम में है तो वैसा करो जैसा रोमन करते हैं" । |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iv | i | iii | ii |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | i | iii | iv | ii |

**55.** ओ.डी. की केस स्टडी पद्धति किसने विकसित की ?
- (A) क्रिस्टोफर सी. लॉन्गडेल
- (B) एरिक बर्न
- (C) उदय पारीक
- (D) एस. आर. उद्पा

**56.** निम्नलिखित में से कौन सा श्रम अधिनियम का सिद्धान्त नहीं है ?
- (A) संरक्षण का सिद्धान्त
- (B) सामाजिक न्याय का सिद्धान्त
- (C) सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण का सिद्धान्त
- (D) युक्तिसंगत जीवन स्तर का सिद्धान्त

**57.** निम्नलिखित में से कौन सा कल्याण के सिद्धान्त पर आधारित नहीं है ?
- (A) अभ्रक खदान श्रम कल्याण निधि अधिनियम
- (B) खनिज लोहा खदान श्रम कल्याण निधि अधिनियम
- (C) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम
- (D) जहाजी घाट श्रमिक (सुरक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण) अधिनियम

**58.** श्रम अधिनियमों को पारित करने के लिये भारतीय संविधान का कौन सा भाग अधिकार-क्षेत्र को विभाजित करता है ?
- (A) विधायी शक्ति का वितरण
- (B) राज्य नीति निदेशक सिद्धान्त
- (C) मौलिक अधिकार
- (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**59.** भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों के अन्तर्गत उल्लिखित संघ बनाने के अधिकार के आधार पर कौन सा अधिनियम पारित हुआ है ?
- (A) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम
- (B) मजदूरी भुगतान अधिनियम
- (C) मजदूर संघ अधिनियम
- (D) औद्योगिक विवाद अधिनियम

**60.** भारत में श्रम अधिनियमों की वृद्धि को प्रभावित करने वाला कारक निम्नलिखित में से किसे नहीं कहा जा सकता है ?
- (A) मजदूर संघों की बढोतरी
- (B) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
- (C) मानवतावाद का विकास
- (D) भारत में जाति प्रणाली

**61.** औद्योगिक श्रमिकों की मजदूरी के भुगतान से सम्बन्धित समस्याओं को ठीक करने के लिये भारत में श्रम अधिनियम को पारित करने का सुझाव किसने दिया था ?
- (A) राष्ट्रीय श्रम आयोग
- (B) शाही श्रम आयोग
- (C) श्रम जाँच समिति
- (D) अदारकर समिति

**62.** भारत में श्रम प्रशासन तन्त्र का प्रकार निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?
- (A) केन्द्रीय क्रियान्वयन तन्त्र
- (B) औद्योगिक क्रियान्वयन तन्त्र
- (C) राजकीय क्रियान्वयन तन्त्र
- (D) क्षेत्रीय क्रियान्वयन तन्त्र

**63.** भारत में औद्योगिक श्रमिकों को व्यापक प्रासुविधाएँ या लाभ निम्नलिखित में से कौन सा श्रम अधिनियम प्रदान करता है ?
- (A) कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम
- (B) कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम
- (C) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम
- (D) प्रसूति प्रासुविधा अधिनियम

**64.** Which of the following statements is not correct ?
- (A) India has ratified more than eighty Conventions of I.L.O.
- (B) Trade Unions Act of 1926 is based on I.L.O. Convention number 87 called Freedom of Association.
- (C) I.L.O. is a tripartite body.
- (D) Governing Body is an organ of I.L.O.

**65.** Under which of the following categories the Shops and Commercial Establishment Legislations can be included ?
- (A) Wage Legislations
- (B) Social Security Legislations
- (C) Working Conditions Legislations
- (D) Welfare Legislations

**66.** Bonded Labour System (Abolition) Act is the result of the ratification by India of which of the following Conventions of I.L.O ?
- (A) Unemployment Convention, 1919
- (B) Forced Labour Convention, 1930
- (C) Weekly Rest (Industry Convention) 1921
- (D) Right of Association (Agriculture) Convention, 1921

**67.** The age of dependent for obtaining dependent's benefit under the Employees State Insurance Act has now been enhanced from 18 years to
- (A) 20 years (B) 22 years
- (C) 24 years (D) 25 years

**68.** Which of the following has not been implemented through any legislation at the National level ?
- (A) Joint Management Council
- (B) Workers' Participation in Management
- (C) Recognition of Trade Unions
- (D) None of the above

**69.** The Bhopal Gas Tragedy led to an amendment under which of the following legislations ?
- (A) Factories Act
- (B) Mines Act
- (C) Plantation Labour Act
- (D) None of the above

**70.** The provision relating to suspension has been made under which of the following legislations ?
- (A) Industrial Disputes Act
- (B) Trade Union Act
- (C) Industrial Employment (Standing Orders) Act
- (D) None of the above

**71.** What is the wage limit to be eligible to be covered under the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 ?
- (A) ₹ 6,000 (B) ₹ 6,500
- (C) ₹ 7,000 (D) ₹ 7,500

**72.** Which of the following statements is correct ?
- (A) There is a statutory provision for recognition of Trade Unions in India at the Central level.
- (B) There is no statutory provision for recognition of Trade Unions in India at the Central level.
- (C) Code of discipline provides both for Registration and Recognition.
- (D) There is provision for recognition under the Inter-Union Code of Conduct.

**73.** Under which of the following legislations women avail maternity benefit upto six months ?
- (A) Maternity Benefit Act
- (B) Employees' State Insurance Act
- (C) Both under (A) & (B)
- (D) None of the above

**74.** Which of the following legislations apply to unorganized sector workers in India ?
- (A) Minimum Wages Act
- (B) Child Labour (Prohibition and Regulation) Act, 1986
- (C) Contract Labour (Regulation and Abolition) Act 1970
- (D) All of the above

**75.** The Factories Act, 1948 requires the appointment of the 'Safety Officer' in factories employing at least
- (A) 250 workers
- (B) 500 workers
- (C) 1000 workers
- (D) None of the above

**64.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(A) भारत ने आई.एल.ओ. के अस्सी से ज्यादा अभिसमयों को अनुसमर्थन दिया है ।
(B) 1926 का मजदूर संघ अधिनियम आई.एल.ओ. अभिसमय सं. 87, जिसे संघ बनाने की स्वतन्त्रता कहा जाता है, पर आधारित है ।
(C) आई.एल.ओ. त्रिपक्षीय निकाय है ।
(D) शासी निकाय आई.एल.ओ. का अंग है ।

**65.** दुकान तथा वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियमों को निम्नलिखित में से किस वर्ग में सम्मिलित किया जा सकता है ?
(A) मजदूरी अधिनियम
(B) सामाजिक सुरक्षा अधिनियम
(C) काम की स्थितियाँ सम्बन्धित अधिनियम
(D) कल्याण अधिनियम

**66.** बंधुआ श्रमिक प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम भारत द्वारा आई.एल.ओ. के किस अभिसमय के अनुसमर्थन का परिणाम है ?
(A) बेरोजगारी अभिसमय, 1919
(B) बलात श्रम अभिसमय, 1930
(C) साप्ताहिक विश्राम (उद्योग अभिसमय), 1921
(D) संघ बनाने का अधिकार (कृषि) अभिसमय, 1921

**67.** कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अन्तर्गत आश्रित की प्रासुविधा प्राप्त करने के लिये आश्रित की आयु को अब 18 वर्षों से बढ़ा कर कितनी कर दी गई है ?
(A) 20 वर्ष (B) 22 वर्ष
(C) 24 वर्ष (D) 25 वर्ष

**68.** निम्नलिखित में से किसे राष्ट्रीय स्तर पर किसी अधिनियम के जरिये क्रियान्वित नहीं किया गया है ?
(A) संयुक्त प्रबन्धन परिषद्
(B) प्रबन्धन में श्रमिको की सहभागिता
(C) मजदूर संघों को मान्यता
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**69.** भोपाल गैस त्रासदी ने किस अधिनियम के अन्तर्गत संशोधन की ओर प्रवृत्त किया ?
(A) कारखाना अधिनियम
(B) खदान अधिनियम
(C) बागान श्रमिक अधिनियम
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70.** निलम्बन के सम्बन्ध में प्रावधान निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अन्तर्गत किया गया है ?
(A) औद्योगिक विवाद अधिनियम
(B) मजदूर संघ अधिनियम
(C) औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**71.** कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत पात्र बनने के लिये मजदूरी की सीमा क्या है ?
(A) ₹ 6,000 (B) ₹ 6,500
(C) ₹ 7,000 (D) ₹ 7,500

**72.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?
(A) भारत में केन्द्रीय स्तर पर मजदूर संघों को मान्यता देने का सांविधिक प्रावधान है ।
(B) भारत में मजदूर संघों को मान्यता देने के लिये केन्द्रीय स्तर पर कोई सांविधिक प्रावधान नहीं है ।
(C) अनुशासन संहिता, पंजीकरण तथा मान्यता दोनों का प्रावधान करती हैं ।
(D) आचार के अंत:संघ संहिता के अन्तर्गत मान्यता के लिये प्रावधान है ।

**73.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अन्तर्गत महिलाएँ छ: महीनों तक प्रसूति प्रासुविधा प्राप्त करती है ?
(A) प्रसूति प्रासुविधा अधिनियम
(B) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम
(C) (A) और (B) दोनों
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74.** निम्नलिखित में से कौन सा अधिनियम भारत में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर प्रयुक्त होता है ?
(A) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम
(B) बाल श्रम (प्रतिषेध तथा विनियमन) अधिनियम, 1986
(C) संविदा श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम, 1970
(D) उपर्युक्त सभी

**75.** कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत कम से कम कितने श्रमिकों को नियोजित करने वाले कारखानों में 'सुरक्षा पदाधिकारी' की नियुक्ति करना अनिवार्य है ?
(A) 250 श्रमिक
(B) 500 श्रमिक
(C) 1000 श्रमिक
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Space For Rough Work**